web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 14 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 195

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीबीसी की बढ़ी मुश्किलें, विदेशी फंडिंग मामले में ईडी ने दर्ज किया केस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ब्रिटेन की प्रसारक कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने 'बीबीसी इंडिया' के खिलाफ विदेशी फंडिंग मामले में कथित तौर पर अनियमितता बरतने के आरोप में फेमा के तहत केस दर्ज किया है। जांच एजेंसी ईडी की ओर से यह जानकारी दी गई है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने कथित विदेशी मुद्रा विनिमय उल्लंघन के लिए 'बीबीसी इंडिया' के खिलाफ फेमा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### उत्तर प्रदेश के कतर्निया घाट में बाघ के हमले में महिला की मौत

**बहराइच(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्निया घाट वन्यजीव अभ्यारणय के मोतीपुर वन परिक्षेत्र में बाघ के हमले में एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला रत्ती देवी खेतों में काम कर रही थी तभी एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। एसपी बहराइच प्रशांत कुमार ने बताया कि घटना हसुलिया थाना क्षेत्र के हरद्वार गांव की है। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों ने हमें बताया कि रत्ती देवी खेतों में काम कर रही थीं, तभी एक बाघ ने उनका गला दबोच लिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र मौर्य ने संवाददाताओं को बताया कि हिंसक जंगली जानवर के हमले से मौत का मामला दर्ज किया गया है। दुधवा टाइगर फाउंडेशन की ओर से पीड़ित परिवार को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि इतनी ही राशि वल्ड नेचर फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) द्वारा कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागीय औपचारिकताओं के बाद, ऐसे मामलों में पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा पांच लाख रुपये देने का प्रावधान है।

### अमृतपाल सिंह को शरण देने वालों पर शिकंजा, दो भाई गिरफ्तार

**होशियारपुर (आरएनएस)।** पंजाब में होशियापुर जिला पुलिस ने वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह को शरण देने के आरोप में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें गुरुवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। अमृतपाल 18 मार्च से फरार है और तभी से पंजाब पुलिस ने उसके और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान राजपुर भइयां निवासी गुरदीप सिंह और कुलदीप सिंह के रूप में हुई है। अमृतपाल 28 मार्च की रात गांव मरनियां में पुलिस से बचकर दोनों भाइयों से मिला था, जब वह ट्रैक्टर-ट्राली में बालू भर रहे थे। दोनों भाई अमृतपाल को अपने घर ले गए, उसे खाना खिलाया और बदलने के लिए कपड़े भी दिए। इसके बाद एक गाड़ी वहां आई और अमृतपाल उसमें बैठकर चला गया। दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि करने के लिए किसी पुलिस अधिकारी ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दोनों आरोपियों को आज अपराह्न स्थानीय अदालत में पेश किया जायेगा।

### जबलपुर हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा एसपी को निलंबित करने का आदेश दिया

**जबलपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को जबलपुर उच्च न्यायालय के आदेश की तामिली न करना भारी पड़ गया। हाई कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। बताया गया है कि मामला छिंदवाड़ा जिले में तुलसी रामायण मंडल नाम की धार्मिक संस्था की जमीन एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित करने का है। इस जमीन के अधिग्रहण के एवज में एनएचएआई ने आधी जमीन का ही मुआवजा दिया है। यह मामला उच्च न्यायालय में पहुंचा जिस पर कोर्ट ने शेष जमीन के मुआवजे के आदेश दिए। बाद में एनएचएआई के अधिकारी की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया और पुलिस अधीक्षक को यह वारंट 28 मार्च तक तालीम कराना था मगर यह वारंट तामील नहीं हुआ। जबलपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ की डबल बेंच ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को निलंबित करने का आदेश दिया।

# देश के 71 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

### पीएम मोदी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'रोजगार मेला' के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए लोगों को संबोधित भी किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'आज 70 हजार से ज्यादा युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी मिली है। आप सभी युवाओं को, आपके परिजनों को बहुत-बहुत बधाई। हमारी सरकार विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज का नया भारत, अब जिस नई नीति और रणनाति पर चल रहा है, उसने देश में नई संभावनाओं और नए अवसरों के द्वार खोल दिए हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हृष्ठ और बीजेपी शासित राज्यों में तेजी से रोजगार दिए जा रहे हैं। ये आज का रोजगार मेला भी इसी कड़ी में एक बड़ी सौगात है। पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था गिर रही है, लेकिन इस सबके बीच भारत को दुनिया एक ब्राइट स्पॉट के तौर पर देख रही है।'




पीएम मोदी ने इस दौरान पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा, 'एक समय था जब भारत टेक्नोलॉजी हो या इंफ्रास्ट्रक्चर, सबमें रिएक्टिव अप्रोच के साथ काम करता था, लेकिन अब 2014 के बाद से प्रो-एक्टिव अप्रोच अपनाई है। इसका नतीजा ये हुआ कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक, रोजगार और स्वरोजगार वो अवसर पैदा कर रहा है, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।'

पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'इस दौरान रोजगार के तमाम अवसर बन रहे हैं। स्टार्ट अप को लेकर भारतीय युवाओं में गजब का उत्साह है। इसके जरिये डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तमाम तरीके से रोजगार के अवसर बने। ड्रोन इंडस्ट्री में देश आगे बढ़ रहा है। स्पोर्टस के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन, खेल संबंधी बजट में बढ़ोतरी की गई है।'

प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही कहा, '8-9 सालों में भारत में 30 हजार एलएचबी कोच बने। इससे तमाम रोजगार के अवसर बने। खिलौना उत्पादन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और आज स्वदेशी खिलौने बनाए जा रहे हैं। अब भारत में सैन्य हथियार बनेंगे, और भारतीय कंपनियों से ही खरीदे जाएंगे, इससे रोजगार के हजारों अवसर पैदा हुए।'

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के समय ज्यादातर मोबाइल फोन इम्पोर्ट किए जाते थे। आज अगर 2014 से पहले वाली स्थिति होती तो करोड़ो रुपये फारेक्स में बर्बाद होते। आज भारत में मोबाइल बन रहे और हम बाहर एक्पोर्ट भी कर रहे हैं।

वहीं रेल, सडक़ आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यो का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए जानी जाती है। हमारी सरकार में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट 4 गुना बढ़ा है। अभी हम हर महीने 6 किलोमीटर की मेट्रो लाइन बना रहे हैं। पहले 2014 से ये आंकड़ा मीटर में होता था और अब हम किलोमीटर में बना रहे हैं।'

बता दें कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में 'रोजगार मेला' तीन अलग-अलग स्थानों- असम में गुवाहाटी, उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी और नगालैंड के दीमापुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गुवाहाटी में 207, दीमापुर में 217 और सिलीगुड़ी में 225 उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी विभागों से नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

पीएमओ ने कहा कि देश भर से चयनित युवाओं को भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर तैनाती दी गई।

## कराची की फैक्ट्री में लगी भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश में 4 दमकलकर्मियों की मौत

**कराची।** कराची की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश में चार दमकलकर्मियों की मौत हो गई। बचाव दल ने गुरुवार को ये जानकारी दी। सायलानी वेलफेयर ट्रस्ट के एक दमकलकर्मी सलमान कुरैशी ने बताया कि शव सुबह बरामद किए गए।

बुधवार सुबह एक बेडशीट फैक्ट्री की बहुमंजिला इमारत में आग लग गई थी और दमकल की एक दर्जन गाडिय़ों ने उसे बुझाने का काम किया।

कुरैशी ने कहा, घटनास्थल पर दमकलकर्मी काम कर रहे थे, तभी फैक्ट्री का एक हिस्सा ढह गया, जिसके मलबे में कई लोग फंस गए।

उन्होंने कहा कि 11 दमकलकर्मियों सहित 13 घायल लोगों को भी बचाया गया।

मीडिया से बात करते हुए, कराची के मध्य जिला उपायुक्त ताहा सलीम ने पुष्टि की है कि मलबे के नीचे कोई और नहीं फंसा है और बचाव दलों द्वारा क्षेत्र को साफ कर दिया गया है।




उन्होंने कहा कि गुरुवार की सुबह आग पर काबू पा लिया गया है और कूलिंग का काम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि इमारत में आग शार्ट सर्किट के कारण लगी और यह और बढ़ गई क्योंकि भीड़भाड़ वाली सडक़ों के कारण दमकलकर्मी बड़े इंजनों को घटनास्थल पर नहीं ले जा सके।

अधिकारी ने कहा कि बड़ी आग के कारण इमारत की संरचना कमजोर हो गई और पानी ने बुझाने की प्रक्रिया के दौरान यह ढह गई।

## ऑनलाइन लूडो की लत से गंवाए 17 लाख, डांट से बचने के लिए फर्जी लूट की कहानी रची

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद में एक युवक ऑनलाइन लूडो खेलने में 17 लाख रुपए हार गया। फिर उसको ये डर सताने लगा कि रुपयों के बारे में मां-बाप को क्या जवाब देगा। पिता की डांट से बचने के लिए बेटे ने 6 लाख रुपए लूट की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने जांच करते हुए पूरा केस खोल दिया। लूट की फर्जी सूचना देने वाला गिरफ्तार है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया, 12 अप्रैल को थाना साहिबाबाद पर गुफरान नामक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनका 23 वर्षीय पुत्र साकिब शहीदनगर से माल खरीदने साहिबाबाद गया था। वो 6 लाख रुपए लेकर लौट रहा था। इसके बाद वो नागद्वार के पास बेहोशी अवस्था में सडक़ पर पड़ा हुआ मिला। जिसको बाद में जीटीबी हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती कराया गया। गुफरान के मुताबिक, साकिब के पास मौजूद 6 लाख रुपए कोई जहरखुरानी टाइप व्यक्ति लूटकर ले गया।



एसीपी ने बताया कि इस मामले में लूट का मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच की गई। जब पीड़ित द्वारा बताए गए फैक्ट में कुछ झोल नजर आया तो पुलिस ने साकिब से कड़ाई से पूछताछ की। साकिब ने कुबूला कि वो ऑनलाइन लूडो गेम खेलता है और इसमें अब तक करीब 17 लाख रुपए हार चुका है।

डर से घबराकर साकिब ने 10 अप्रैल को माल खरीदने के नाम पर परिजनों से डेढ़ लाख रुपए लिए। उसने परिजनों को बताया कि वो माल खरीदकर इसे हिंडन विहार क्षेत्र में अन्य व्यापारियों को बेचेगा और वहां से करीब 6 लाख रुपए लेकर लौटेगा।

रास्ते में साकिब नागद्वार के पास रुका, सडक़ किनारे स्कूटी खड़ी की और खुद बेहोश होने का नाटक कर जमीन पर लेट गया। मौके पर कुछ लोग आए तो साकिब ने उन्हें अपने पिता का नंबर दिया और फोन करके लूट की सूचना दिलवाई। जब परिजन मौके पर आए तो साकिब ने उन्हें बताया कि अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाने के कारण वो स्कूटी से गिर गया और इस दौरान कोई व्यक्ति उसके रुपए उठाकर ले गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में साकिब को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अतीक अहमद के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्यवाई, 15 ठिकानों पर रेड

### 75 लाख की नकदी- करोड़ों के दस्तावेज बरामद

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उमेश पाल हत्याकांड में फंसे कुख्यात माफिया अतीक अहमद के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अतीक के 15 ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाकर करीब 75 लाख की देशी और विदेशी करंसी बरामद की है। इसके अलावा करोड़ों रुपये कीमत की जमीनों के दस्तावेज भी बरामद किए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह सारी जमीनें अतीक अहमद की बेनामी संपत्तियां हैं और इन्हें अपराध के जरिए अर्जित किया गया था।

ईडी और इनकम टैक्स विभाग की इस जांच में पता चला है कि अतीक अहमद ने बिल्डर्स, बड़े बिजनेसमैन व प्रॉपर्टी डीलर्स के माध्यम से अपनी ब्लैक मनी को व्हाइट किया है। इसके अलावा अतीक और उसके करीबियों के ठिकानों से कई जमीनों की रजिस्ट्री और कई कंपनियों के दस्तावेज मिले हैं। इनमें करोड़ों की बेसकीमती जमीन अतीक ने अपने करीबियों के नाम करा रखी है।

इसी प्रकार विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज से पता चला है कि अतीक के परिजन और उसके कुछ रिश्तेदार इन कंपनियों में एमडी से लेकर डायरेक्टर तक हैं।

एक कंपनी दस्तावेज में अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और बड़ा बेटा उमर डायरेक्टर है। इसी प्रकार इस जांच में अतीक के ठिकानों से 55 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं। इस संबंध में ईडी के अधिकारियों ने अतीक के करीबियों से पूछताछ की। इसमें पता चला कि यह सारी कंपनियां डमी हैं। इनमें पैसा लगाने वाले भी अलग अलग लोग हैं। बता दें कि ईडी और इनकम टैक्स की टीम ने अतीक के करीबियों के ठिकानों पर उस समय दबिश दी, जब सब लोग सो रहे थे।

सभी स्थानों पर सुबह पांच बजे जब ईडी की टीम ने दरवाजा खटखटाया तो लोग आंख मलते हुए बाहर निकले, वहीं जैसे ही ईडी के अधिकारियों ने अपना परिचय दिया, उनकी नींद काफूर हो गई। बता दें कि ठीक उसी समय साबरमती जेल से अतीक अहमद को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस प्रयागराज आ रही थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक करीब 100 से अधिक प्रॉपर्टी के कागजात मिले हैं। इसके अलावा करीब 200 बैंक अकाउंट भी संदिग्ध मिले हैं। इन बैंक खातों से हर महीने मोटी रकम को इधर से उधर किया गया है।

### बेटे की मौत की खबर सुनते ही कोर्ट रूम में जमीन पर बैठ गया अतीक अहमद, फफक फफक कर रोया

माफिया और अतीक अहमद का दिन गुरुवार को कोर्ट में मुश्किलों भरा रहा। एक तरफ न्यायालय में उसकी पेशी हो रही थी। वहीं दूसरी तरफ यूपी एसटीएफ ने उसके बेटे को उमेश पाल हत्याकांड मामले में एनकाउंटर में ढेर कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही अतीक रोने लगा। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बेटे असद के एनकाउंटर की खबर सुनते ही माफिया अतीक अहमद कोर्ट रूम में फूट फूटकर रोने लगा। अतीक खुद को नहीं संभाल पा रहा। अतीक जमीन पर बैठ गया। कोर्ट में योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के नारे लगे। इस दौरान कोर्ट में मौजूद अशरफ ने अतीक को संभाला। माफिया अतीक अहमद पर कोर्ट के बाहर वकीलों ने जूते फेंके, साथ ही नारेबाजी की। कोर्ट में बेटे असद के एनकाउंटर की खबर सुनकर माफिया अतीक अहमद बेहोश हो गया। अतीक अहमद ने अशरफ को कोर्ट में अपने पास बैठाया और कहा कि अशरफ ने रोजा रखा है।

## स्कूटी पेड़ से टकराई, दो की मौत, एक गम्भीर घायल

**कौशाम्बी (आरएनएस)।** करारी कोतवाली अंतर्गत पिंडरा चौराहे के समीप बुधवार रात तेज रफ्तार स्कूटी सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सरायअकिल कस्बे के फकीराबाद मोहल्ला निवासी प्रिंस केसरवानी (18) पुत्र मनोज केसरवानी बुधवार सुबह मोहल्ले के साथी किशन वर्मा (17) पुत्र अशोक वर्मा व अस्मित रस्तोगी (18) पुत्र लल्ली रस्तोगी एक ही स्कूटी से करारी गए थे। रात करीब दस बजे घर लौटते समय पिंडरा चौराहे के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में स्कूटी सवार प्रिंस व किशन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अस्मित रस्तोगी गंभीर रूप से घायल हो गया। सडक़ किनारे हादसा देख राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घायल से जानकारी करने के बाद हादसे की सूचना मृतक व घायल के परिजनों को दी तो परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते घर वाले घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फिर डरा रहा कोरोना : 1 दिन में नए मामलों में आया 30 फीसदी उछाल, 10 हजार से अधिक नए केस

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली-महाराष्ट्र जैसे राज्यों में खतरे की घंटी बजा चुके खतरनाक कोरोना वायरस ने एक बार फिर से डरा दिया है। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 10,158 नए मामले सामने आए हैं जिससे देश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 44,998 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 5,356 लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हुए हैं। कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या बढक़र 4,42,10,127 पहुंच गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.71 प्रतिशत है। जबकि डेली पोजिटिविटी रेट 4.42 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। पिछले 24 घंटों में 327 खुराकें दी गईं हैं। अब तक कुल 92.34 करोड़ कोरोना टेस्ट किए जा चुके हैं। 24 घंटों में 2,29,958 कोरोना टेस्ट हुए हैं।

गौरतलब है कि भारत में 7 अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और 5 सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।



देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। 4 मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

### छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मामले

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे है। प्रदेश में बीते एक सप्ताह से कोरोना के 50 से ज्यादा मामले सामने आ रहे है। आज भी प्रदेश में कोविड के 52 नए मरीज मिले है। ऐसे में रायपुर के जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल की जा रही है। कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे की मौजूदगी में जिला अस्पताल में मॉकड्रिल की जा रही है। प्रशासन ने इसके लिए लगभग 1 हजार बिस्तरों की व्यवस्था भी की है। आपको बता दे कि देशभर में कोरोना के कुल 32,814 सक्रिय मामले है। कोरोना से 11 और मरीजों के दम तोडऩे से मृतकों की संख्या बढक़र 5,30,965 हो गई है।

### मैनपुर में कोरोना ने दी दस्तक, छात्रावास के 4 छात्र पांजिटिव

**मैनपुर (आरएनएस)।** लंबे समय के बाद मैनपुर में एक बार फिर कोरोनावायरस तक दी है तहसील मुख्यालय में स्थित एक छात्रावास में 4 छात्र कोरोना पांजिटिव पाए गए हैं मैनपुर में 4 छात्र के कोरोना पांजिटिव पाए जाने के बाद जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्रावास परिसर अन्य बच्चों का भी कोरोना सैंपल लिया गया है लेकिन बाकी सब बच्चे की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है।मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेंद्र ध्रुव ने 4 छात्रों के कोरोना पांजिटिव पाए जाने की पुष्टि करते हुए सभी लोगों से अपील किया है की सावधानी बरतें सर्दी ,खांसी ,बुखार पर अस्पताल पहुंचकर जांच करवाएं और मास्क का उपयोग करें।